NAAC

सकलडीहा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज
SAKALDIHA POST GRAGUATE COLLEGE

सकलडीहा, चन्दौली-२३२१०९ (उ०प्र०)
Sakaldiha, Chandauli-232109 (U. P.)
(सम्बद्ध: महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)
(Affiliated: Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi)
Email: spgcollege1965@gmail.com
sakaldihapgcollege@hotmail.com
URL: www.sakaldihapgcollege.org.in
Telephone & Fax No.: 05412-246111

पत्रांक : 　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05-02-2018

सेवा में,

प्राचार्य
सकलडीहा पी0 जी0 कालेज,
सकलडीहा–चन्दौली।

विषयः– 30 जनवरी, 2018 को शहीद दिवस कार्यक्रम की आख्या।

महोदय,

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक– 30 जनवरी, 2018 को सकलडीहा पी0 जी0 कालेज के सभागार में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन डॉ0 उमेश कुमार चतुर्वेदी के संयोजकत्व एवं कुशल संचालन में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर प्राचार्य, अध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धा–सुमन अर्पित किया गया। तदुपरान्त दो मिनट का मौन रखा गया। महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर विद्यार्थियों ने उनके द्वारा चलाये गये आन्दोलन एवं संघर्ष को याद करते हुए अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य जी ने गांधी जी के द्वारा बताये गये मार्गो पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा उनके आदर्शों एवं नियम संयम की भी चर्चा की। कार्यक्रम के अन्त में डॉ0 दयानिधि सिंह यादव (विभागाध्यक्ष–हिन्दी) ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आजादी की लड़ाई में गांधी जी के योगदान की चर्चा की।

संयोजक
(डॉ0 उमेश कुमार चतुर्वेदी)